आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

सोमवार 09.12.2024

समय 0720

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– रुद्रप्रयाग के चांदधार और गैंठाणा बांगर में मिनी स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा।
- केंद्र सरकार ने टिहरी जिले के मदननेगी और नरेंद्रनगर शहर में एक–एक केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति दी।
- नैनीताल पुलिस ने करीब 36 लाख रुपये कीमत की स्मैक के साथ एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया।
- प्रदेश के उंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी से मौसम हुआ सर्द।

सीएम घोषणा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि रुद्रप्रयाग के चांदधार और गैंठाणा बांगर में मिनी स्टेडियम का निर्माण कार्य किया जाएगा। श्री धामी ने स्यालसौड़ में आयोजित मेले को संबोधित करते हुए कहा कि स्वांरीग्वास से कार्तिक स्वामी तक 8 किलोमीटर मोटर मार्ग का निर्माण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र व राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 8 लाख कृषक किसान सम्मान निधि से लाभान्वित हो रहे हैं वहीं दूसरी ओर किसानों को बिना ब्याज के 3 लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है।

नवनिर्वाचित विधायक आशा नौटियाल ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि विधानसभा केदारनाथ के लिए पूर्व में हुई सभी घोषणाओं को घरातल पर उतारा जाएगा।

केंद्रीय विद्यालय

केंद्र सरकार ने टिहरी जिले के मदननेगी और नरेंद्रनगर शहर में नए केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति दे दी है। प्रतापनगर के क्षेत्रीय विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि दोनों स्थानों पर केंद्रीय विद्यालय के बनने से छात्र–छात्राओं को गुणवत्तापरक शिक्षा मिलेगी और पलायन भी रूकेगा। इसके लिए उन्होंने केंद्र सरकार का आभार जताया है।

स्थानीय निवासी किशन सिंह रावत ने कहा कि जो बच्चे पढ़ाई के लिए गांव से पलायन कर रहे थे, वे अब के वी खुलने के बाद घर से ही शिक्षा ग्रहण करेंगे। वहीं कठुली के ग्रामीण शूरवीर सिंह पंवार ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय खुलने से क्षेत्र के लोग खुश हैं।

मेधावी छात्र–छात्राओं सम्मानित

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण ने उत्तरकाशी के चिन्यालीसौड़ स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरस्वती और विद्या मंदिर स्कूल बच्चों को संस्कारवान शिक्षा देकर देश को अच्छे नागरिक बना रहे हैं।

स्मृतिवन

ऋषिकेश आने वाले पर्यटक और यात्री अब स्मृतिवन का आनंद उठा सकेंगे। हरिद्वार–ऋषिकेश बाईपास मार्ग के पास लालपानी वन बीट कक्ष संख्या दो स्थित स्मृतिवन को ईको पार्क के रूप में विकसित करने का कार्य शुरू हो चुका है। ऋषिकेश के वन क्षेत्राधिकारी जीएस धमान्दा की देखरेख में वन की चार दीवारी निर्माण का कार्य शुरू किया जा चुका है। उन्होनें बताया कि सोलर फेंसिंग के निर्माण से वन्यजीवों की ओर से पेड़ों को क्षतिग्रस्त होने से बचाया जा सकेगा। साथ ही ईको पार्क को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने से स्थानीय लोगों के साथ ही पर्यटकों को भी इसका लाभ मिल सकेगा।

गौरतलब है कि साल 2019 में दो हेक्टेयर वन भूमि पर प्रशासन की देखरेख में, स्मृतिवन की स्थापना की गई थी।

सिद्धबली धाम

पौड़ी जिले के कोटद्वार स्थित सिद्धबली धाम का तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान कल भक्तिमय माहौल के साथ संपन्न हो गया। इस वर्ष यह महोत्सव उत्तराखंड की रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया गया। धार्मिक अनुष्ठान के अंतिम दिन पत्रकारों से बातचीत में आचार्य बालकृष्ण ने बताया कि राज्य के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध करवाने पर मंथन किया गया।

एसएसपी पीसी

ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत नैनीताल पुलिस ने करीब 36 लाख रुपये कीमत की 122 ग्राम स्मैक के साथ एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद मीणा ने बताया कि पुलिस और एसओजी की टीम ने सुभाष नगर बैरियर पर वाहन चेकिंग के दौरान एक आरोपी से यह स्मैक बरामद की। उन्होंने बताया कि आरोपी यूपी के बिलासपुर से स्मैक खरीदकर नैनीताल में विभिन्न स्थानों पर बेचता था।

मौसम

प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले इलाकों में बूंदाबांदी से मौसम सर्द हो गया है। उत्तरकाशी के हर्षील समेत अन्य ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कल रात बर्फबारी के समाचार हैं। वहीं मैदानी इलाकों में सुबह और शाम के समय शीतलहर का प्रकोप जारी है। शीतलहर से बचाव के लिए सभी जिला प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। जरूरतमंदों के लिए रैन बसेरों में कंबल और अलाव की व्यवस्था की गई है। साथ ही ठंड से बचाव के लिए उन्हें जरूरी सामान भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा आवारा पशुओं के लिए अस्थायी शेड बनाए गए हैं।

इस बीच मौसम विभाग ने आज प्रदेश के पर्वतीय जिलों में हल्की बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना जताई है। किसानों का कहना है कि अक्तूबर माह से अब तक बारिश न होने से फसलों के खराब होने के आसार हैं।

शहीद अंतिम संस्कार

चमोली जिले के झुरकुंडी निवासी 6 गढ़वाल राइफल के नायक संदीप कुमार के पार्थिव शरीर का कल उनके पैतृक घाट में पूर्ण सैन्य सम्मान के साथ अन्तिम संस्कार किया गय। इससे पूर्व शहीद जवान का शव उनके पैतृक गांव झुरकुंडी लाया गया, जहां परिजनों के साथ ही ग्रामीणों ने उनके अन्तिम दर्शन किये। गौरतलब है कि बीते 6 दिसंबर को राजस्थान के जैसलमेर में ट्रेनिंग के दौरान नायक संदीप कुमार की मृत्यु हो गई थी।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——

प्रदेश में कल से शुरू हुई शीतकालीन चारधाम यात्रा को हिन्दुस्तान, अमर उजाला सहित सभी समाचार पत्रों ने मुख्य पृष्ठ पर प्राथमिकता दी है। दैनिक जागरण लिखता है कि— प्रदेश में शीतकालीन चारधाम यात्रा की शुरूआत।

अमर उजाला की पहली खबर है कि पहाड़ में बर्फबारी और मैदान में बूंदाबांदी से बढ़ी ठिठुरन। हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है कि चकराता—हर्षिल समेत कई पहाड़ी स्थानों पर बर्फबारी हुई है।

राष्ट्रीय सहारा, बीएसएफ के स्थापना दिवस पर गृह मंत्री अमित शाह के हवाले से लिखता है कि — सीमा सुरक्षा के लिए जल्द बनेगी ड्रोनी रोधी इकाई।

सरकारी स्कूलों के छात्र पढ़ेंगे ज्ञान विज्ञान के साथ साहित्य, इस खबर के साथ हिंदुस्तान लिखता है— राज्य के सरकारी स्कूलों के छात्रों को अपने सामान्य पाठ्यक्रम के साथ देश और विदेश के श्रेष्ठ साहित्य को पढ़ने का मौका मिलेगा।